IIM में गांधी जयंती पर टॉक सीरीज की हुई शुरुआत

सिटी रिपोर्टर | आईआईएम में गांधी जयंती पर टॉक सीरीज ज्ञान वर्षा प्रेजेंटिंग धीः रॉकस्टार ऑफ इंडिया की शुरुआत की गई। अतीत और भविष्य, सीखने के 75 साल और आगे का सफर विषय पर आयोजित कार्यक्रम में आईएएस मीता राजीवलोचन ने कहा कि आजादी के 75 साल हो चुके हैं और हमें समस्याओं और उनके समाधानों की पहचान करने की जरूरत है। पंजाब विवि के इतिहास विभाग के प्रो. एम. राजीवलोचन ने कहा कि भारतीय समाज में हमेशा महिलाओं की मुख्य भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि चुनौतियों पर नजर रखना और उनसे सबक लेना चाहिए। पीआरएस विधायी अनुसंधान के अध्यक्ष व सह-संस्थापक डॉ. एम. आर. माधवन ने वर्तमान स्थिति और हमारे संसदीय सदनों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी व अन्य उपस्थित थे।

Dainik Bhaskar, 4th October 2022, P.04 (City Bhaskar)